NT>

Title: Need to increase annual budget allocation for Akashvani Kendra at Rewa, Madhya Pradesh.

श्री सुन्दर लाल तिवारी (रीवा) : महोदय, आकाशवाणी रीवा का वार्षिक बजट गत कुछ वर्षों से कम कर दिया गया है। पूर्व में यह बजट 16 लाख रुपये होता था जो अब घटकर 6 लाख रुपये रह गया है, जबकि महंगाई को देखते हुए सभी विभागों के बजट में वृद्धि की गई है। बजट के अभाव में वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं चल रहे हैं, जिसके कारण आकाशवाणी का मूल उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है। रीवा ज़िले में आकाशवाणी के वार्षिक बजट में वृद्धि की जाए। इसके साथ ही मेरा यह भी अनुरोध है कि रीवा आकाशवाणी का बजट क्यों कम किया गया, इसका भी परीक्षण कराया जाए।